## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा के पहले चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए आज जारी होगी अधिसूचना, प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक भर सकेंगे पर्चे, ऑनलाइन नामांकन की भी सुविधा।
- इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर घटक दलों की अहम बैठक आज, झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राजद नेता तेजस्वी यादव होंगे शामिल।
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर लोगों को ठगने और लूटने का लगाया आरोप, कहा– जनता सत्ता परिवर्तन का बना चुकी है मन।
- मौसम विभाग ने राजधानी रांची, खूंटी और लोहरदगा तथा संताल समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी बारिश होने का जताया पूर्वानुमान, कई इलाकों में हो सकता है वज्रपात।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी होगी। इस चरण में 13 नवंबर को तैंतालीस निर्वाचन–क्षेत्रों में मतदान होगा।
इधर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि ऑनलाइन नामांकन की भी सुविधा उपलब्ध है।

***************

राज्य में चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अबतक सैंतीस लाख रुपए से ज्यादा के अवैध सामान और नकदी जब्त किए जा चुके हैं। कल पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह में केसरपुर चेकनाका पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और एसएसटी ने दो वाहनों से चार लाख छियतर हज़ार रुपए बरामद किए। राज्य में विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के मकसद से पैसे और अवैध सामानों का परिवहन रोकने के लिए सभी चेकनाकों पर चौबीस घंटे निगरानी हो रही है।

***************

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग के मुद्दे को लेकर आज रांची में घटक दलों की बैठक होगी। मुख्यमंत्री आवास में होने वाली इस बैठक में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राजद नेता तेजस्वी यादव के अलावा वामदल के भी कई नेता शामिल होंगे सीट शेयरिंग तय होने के बाद सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करेंगे।

***************

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल की संसदीय बोर्ड की बैठक में 22 सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति बनी। इस बैठक में सर्वसम्मति से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को सभी उम्मीदवारों और सीटों के चयन के लिए अधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

***************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमन्त सरकार पर जनता को ठगने और लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में विकास कार्य ठप्प पड़े रहे। राज्य की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है।

***************

विधानसभा चुनाव के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से दो दिवसीय आर्ट– 81 महोत्सव का आयोजन आज से हो रहा है। राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में स्वीप के तहत होने वाले इस महोत्सव में देश के 81 कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

***************

पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा बीस नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों, किसान संगठनों और उनके सदस्यों तथा विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने किसानों को रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के कल के निर्णय के साथ ही सरकार द्वारा किए गए सभी प्रयासों की जानकारी दी।

***************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने टेंडर घोटाला मामले में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और जेल में बंद आलमगीर आलम तथा उनके आप्त सचिव संजीव लाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। ईडी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी की जांच के दौरान मिले साक्ष्यों की जानकारी दी गई है। इस पत्र में यह भी बताया गया है कि जहांगीर आलम के आवास से मिले लगभग पैंतीस करोड़ रुपए आलमगीर आलम के थे।

***************

रांची जिला पुलिस ने बीआईटी ओपी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि इन अपराधियों द्वारा एक बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाने की जानकारी मिलने पर सिटी एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की।

***************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, रामगढ़, खूंटी और लोहरदगा तथा संताल समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान कई इलाकों में वज्रपात की भी आशंका है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव की वजह से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। हालांकि, उन्नीस से बाईस अक्टूबर तक मौसम साफ रहने की संभावना है। लेकिन, तेईस अक्टूबर से फिर बारिश होने का अनुमान है।

***************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने झारखंड विधानसभा के पहले चरण के चुनाव को लेकर आज जारी होनी वाली अधिसूचना और नवंबर से साठ दिन पहले तक ही ट्रेनों में एडवांस बुकिंग की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– रिम्स ट्रॉमा सेंटर की आईसीयू का मॉनिटर जला, टला बड़ा हादसा।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– पहले चरण का नामांकन आज से, टिकट पर मंथन।
दैनिक भास्कर ने बिहार में जहरीली शराब से अबतक 51 लोगों की मौत की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।
दैनिक जागरण ने लिखा है– आलमगीर आलम ने की थी 56 करोड़ की काली कमाई, ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किया।
अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने हरियाणा में भाजपा के नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लिए जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

************